कार्यालय नगर पालिका परिषद, फतेहपुर

(जलकल अनुभाग)

पत्रांकः– 5??/179 /जलकल/न0पा0प0फ0 (2021–22) दिनांकः– 17 /06/2021

ई–निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद, फतेहपुर के जलकल अनुभाग में 15वां वित्त आयोग (Tied Grant) से प्राप्त धनराशि के अन्तर्गत जलापूर्ति व्यवस्था सम्बन्धित निम्नलिखित आपूर्ति कार्य हेतु जी0एस0टी0 रजिस्टर्ड फर्मो से पृथक–पृथक अल्पकालीन ई–निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई–प्रोक्योरमेन्ट http://etender.up.nic.in प्राप्त, डाउनलोड एवं अपलोड किये जा सकते है। शेष विवरण, नियम व शर्तो की विस्तृत जानकारी ई–प्रोक्योरमेन्ट http://etender.up.nic.in व http://nppfatehpur.com पर उपलब्ध है तथा किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से भी प्राप्त की जा सकती है। इच्छुक निविदाता नियमित रूप से उक्त वेबसाइट को देखते रहें, क्योंकि निविदाओं के सम्बन्ध में कोई बदलाव अथवा अतिरिक्त सूचना वेबसाइट पर ही उपलब्ध करायी जायेगी।

01	ई–निविदा डाउनलोड करने की प्रारम्भिक तिथि व समय	25/06/2021	पूर्वान्ह 11:00 बजे से		
02	ई–निविदा डाउनलोड एवं अपलोड करने की अन्तिम तिथि व समय	01/07/2021	अपरान्ह 05:00 बजे तक		
03	ई–निविदा खोलने की तिथि व समय	02/07/2021	अपरान्ह 03:00 बजे तक		
क्र.सं.	विवरण	निविदा फार्म का मूल्य + 18% जी.एस.टी. (Non-refundable)	धरोहर धनराशि 2 प्रतिशत	आगणन धनराशि (जी.एस.टी. रहित)	आपूर्ति की अवधि
01	नलकूप मरम्मत सामग्री की आपूर्ति।	2000.00 + GST	32970.00	1648500.00	15 दिवस
02	01 एच0पी0 मिनी नलकूप के मरम्मत सम्बन्धी सामग्री की आपूर्ति।	1500.00 + GST	11390.00	569444.00	15 दिवस

(मीरा सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद,
फतेहपुर।

(नज़ाकत खातून)
अध्यक्ष,
नगर पालिका परिषद,
फतेहपुर।

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

01. सम्पादक हिन्दी दैनिक समाचार पत्र राष्ट्रीय सहारा एवं स्वतन्त्र भारत को इस आशय से प्रेषित है कि कृपया उपरोक्त निविदा सूचना अपने सम्मानित समाचार पत्र के अगले अंक में (10x8 sq.cm) स्थान पर प्रकाशित कराकर निर्धारित दर पर भुगतान हेतु दो प्रतियों में बिल प्रस्तुत करने का कष्ट करें।
02. कार्यालय जिला मजिस्ट्रेट/तहसीलदार/ज़िला पंचायत तथा न0पा0प0 फतेहपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
03. लेखाकार, नगर पालिका परिषद, फतेहपुर।
04. अवर अभियन्ता (जल)/स्टोर कीपर, नगर पालिका परिषद, फतेहपुर।
05. गार्ड फाइल।

(मीरा सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद,
फतेहपुर।

17/6/2021
(नज़ाकत खातून)
अध्यक्ष,
नगर पालिका परिषद,
फतेहपुर।

Scanned with CamScanner

कार्यालय नगर पालिका परिषद, फतेहपुर

(जलकल अनुभाग)

अल्पकालीन ई–निविदा के नियम व शर्ते

01. निविदा के साथ निविदा शुल्क (Non-refundable) एवं वांछित 02 प्रतिशत धरोहर धनराशि आर.टी.जी.एस. के माध्यम से ई–टेण्डरिंग हेतु आई.डी.बी.आई. बैंक, फतेहपुर में अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, फतेहपुर नाम से **खाता संख्या 1060104000145473 व IFSC Code IBKL0001060** में जमा करना अनिवार्य होगा।
02. निविदा के साथ तकनीकि बिड के अन्तर्गत वांछित (i) निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि जमा रसीद की प्रति, (ii) चरित्र प्रमाण पत्र, (iii) हैसियत प्रमाण पत्र, (iv) आयकर प्रमाण पत्र (पैन), (v) सामग्री गुणवत्ता प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रतियां सम्बन्धित प्रपत्र सील बन्द लिफाफे में निविदा डाले जाने की तिथि से निविदा खुलने के पूर्व अपरान्ह 02:00 बजे तक अनिवार्य रूप से कार्यालय के जलकल अनुभाग में उपलब्ध कराना होगा जिसके पूर्ण पाये जाने के उपरान्त ही सम्बन्धित निविदा की प्राइस बिड खोली जायेगी। विलम्ब से प्राप्त निविदा सम्बन्धित अभिलेखों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
03. सशर्त निविदाएं मान्य नहीं होगी और न ही किसी प्रकार का प्रत्यावेदन स्वीकार होगा।
04. नियमानुसार जी0एस0टी0 अलग से देय होगा।
05. किसी निविदा को बिना कोई कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित है।
06. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त तीन दिवस के अन्दर अर्नेस्ट मनी के अतिरिक्त अवशेष 08 प्रतिशत जमानत धनराशि जमा कराते हुए अनुबन्ध पत्र की औपचारिताओं की पूर्ति किया जाना आवश्यक होगा।
07. निविदा में उल्लिखित सामग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
08. शा0सं0 622/23–12–2012–2 आडिट/08 टी0सी0 दिनांक 08.06.2012 के अनुसार 10 प्रतिशत तक निम्न निविदा पर प्रति एक प्रतिशत पर 0.5 प्रति प्रतिशत तथा 10 प्रतिशत से अधिक निम्न निविदा पर प्रति एक प्रतिशत पर 01 प्रतिशत की दर पर परफार्मेन्स गारंटी मनी नियमानुसार अनुबन्ध की कार्यवाही के समय संलग्न करना अनिवार्य होगा।
09. निविदा खुलने की तिथि को किन्हीं अपरिहार्य कारणों एवं अवकाश की स्थिति में उसके अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी।
10. सर्वाधिकार नगर पालिका परिषद, फतेहपुर में सुरक्षित रहेगा तथा किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र मा0 न्यायालय फतेहपुर होगा।

अवर अभियन्ता (जल)
नगर पालिका परिषद,
फतेहपुर।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद,
फतेहपुर।

Scanned with CamScanner